# खेल सामग्री निर्माण के लिए खुलेगी औद्योगिक क्लस्टरों की राह

राब्यू, जागरण • लखनऊ: स्पोर्ट्स सिटी मेरठ के मजबूत खेल उद्योग को आधार बनाकर राज्य के अन्य हिस्सों में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इस पहल से बेहतर बुनियादी ढांचा, रोजगार के नए अवसर, सुव्यवस्थित लाजिस्टिक्स, निवेश बढ़ोतरी और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी। बुधवार को इन्वेस्ट यूपी ने खेल विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों और संगठनों के साथ संवाद किया। इसमें स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, फिक्की, मेरठ के खेल उद्यमी व इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।